आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.05.2026/प्रादेशिक समाचार/1800 बजे

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पांच दिवसीय हिमाचल दौरा आज संपन्न हो गया। इस दौरान राष्ट्रपति का अटल टनल रोहतांग और कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर का दौरा खराब मौसम के कारण रद्द करना पड़ा। हालांकि राष्ट्रपति ने 28 अप्रैल को शिमला के लोक भवन में राज्यपाल द्वारा आयोजित राजकीय भोज में हिस्सा लिया और पिछले कल छराबड़ा में अपने निवास पर ऐट होम का आयोजन किया। राष्ट्रपति ने आज सुबह शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान का दौरा किया। सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने राष्ट्रपति को कमान की कार्य प्रणाली से अवगत कराया। बाद में राष्ट्रपति अनाडेल हैलीपैड से नई दिल्ली के लिए रवाना हुईं जहां राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता और मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने उन्हें गरिमापूर्ण विदाई दी। इस मौके पर पंचायती राज व ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह, मुख्य सचिव संजय गुप्ता, पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी और पुलिस व सेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

शहरी निकाय चुनाव

प्रदेश में 17 मई को होने वाले शहरी निकाय चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने का कल अंतिम दिन है। 4 मई को इन नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 6 मई को इच्छुक प्रत्याशी अपने नाम वापिस ले सकेंगे। आबादी के लिहाज़ से प्रदेश के सबसे बड़े ज़िले कांगड़ा में कुल 8 शहरी निकायों में चुनाव करवाए जाएंगे। इनमें दो नगर निगम, 5 नगर परिषद और एक नगर पंचायत शामिल है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने बताया कि मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार का व्यवस्था परिवर्तन का नारा खोखला साबित हुआ है और राज्य में हर जगह अव्यवस्था नज़र आ रही है। उन्होंने आज धर्मशाला में कहा कि टांडा मैडिकल कॉलेज में असुविधाओं का अंबार है और मरीज़ों को अनेक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग की ओ.पी.डी. में ताला लटका हुआ है और मरीज़ बिना जांच के ही वापस लौटने को विवश हैं। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने अपने साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में विकास की गति को काफी पीछे धकेल दिया है और सरकार की नीति व नीयत पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

आई.पी.एल.

धर्मशाला के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में इस महीने आई.पी.एल. के 3 बड़े मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मुकाबला 11 मई को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। दूसरा मुकाबला 14 मई को पंजाब किंग्स और मुम्बई इंडियन्स के बीच खेला जाएगा। इसी प्रकार 17 मई को पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू की टीमें आमने सामने होंगी। कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि इस दौरान धर्मशाला में पर्यटकों की सुविधा व सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाएंगे।

रीना कश्यप

भाजपा विधायक रीना कश्यप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में हर हाल में पारित करवाएगी और देश की महिलाओं को लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण मिलकर रहेगा। उन्होंने सोलन में एक पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि कांग्रेस व उसके सहयोगी दल महिला विरोधी हैं और उन्होंने इस विधेयक को लोकसभा में पारित नहीं होने दिया। रीना कश्यप ने कहा कि केन्द्र सरकार इस विधेयक पर मंथन कर रही है।

....